p>

Title: Need to provide stoppage of Lokmanya Tilak Express (Train No. 2142) at Nasik – laid.

श्री राम स्वरूप प्रसाद (नालन्दा); महोदय, मैं सरकार का ध्यान पूर्वी रेल अंतर्गत राजेन्द्र नगर (पटना) से खुलने वाली 2142 लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। इस ट्रेन का ठहराव नासिक रेलवे स्टेशन पर जाते समय नहीं नहीं है। नासिक एक ऐतिहासिक धार्मिक एवं औद्योगिक शहर के रूप में मशहूर है। बिहार राज्य के हजारों लोग यहां रहकर अपने एवं परिवार के लिये रोजी रोटी की समस्या का निदान कर रहे हैं। उपरोक्त ट्रेन का ठहराव जाते समय नासिक में नहीं रहने के कारण बिहार वासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

मेरी सरकार से मांग है कि नासिक में जाते समय उपरोक्त ट्रेन के ठहराव की व्यवस्था की जाये।